भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1667**

दिनांक 02 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

## मेगा फूड पार्क योजनाओं का पुनर्सुधार

**1667. डॉ. विजय कुमार दुबे:**
**श्री रेबती त्रीपुरा:**
**श्री मनोज तिवारी:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार का निकट भविष्य में मेगा फूड पार्क योजना का पुनर्सुधार करने का कोई प्रस्ताव है;
**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
**(ग)** यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
**(घ)** विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, दिल्ली/एनसीआर के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में आज तक स्वीकृत मेगा फूड पार्कों की वर्तमान क्रियाशील स्थिति का विवरण क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(ख) और (ख):** जी नहीं । मेगा फूड पार्क स्कीम का पुनर्सुधार करने का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के पास फिलहाल कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

**(ग):** मेगा फूड पार्क स्कीम के दिनांक 21.07.2016 संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, स्कीम के दिशानिर्देशों को गहन फीडबैक और विभिन्न पणधारियों के साथ परामर्श के आधार पर संशोधित किया गया है । 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पूववर्ती फूड पार्क स्कीम संशोधित करके 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मेगा फूड पार्क स्कीम (एमएफपीज) के रूप में पुनर्गठित की गई थी । स्कीम के मेगा फूड पार्क दिशानिर्देश प्रारंभ में 24.10.2008 को अधिसूचित किए गए थे । लंबे समय से प्राप्त हुए अनुभव के आधार पर और स्कीम के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन के लिए इन दिशानिर्देशों को समय-समय पर संशोधित करके 19.12.2009, 17.11.2011,01.10.2012 और 10.02.2014 तथा अंतिम रूप से 21.07.2016 को समेकित किया गया । इसके अतिरिक्त सरकार ने देश में मेगा फूड पार्कों की स्थापना करने के लिए 42 रिक्तियों का अनुमोदन दिया है और मंत्रालय मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार 42 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को अनुमोदन दे चुका है जो कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और आज की तारीख में कोई भी खंड रिक्त नहीं है ।

**(घ):** वर्तमान में, सरकार ने मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत 42 मेगा फूड पार्कों की स्थापना का अनुमोदन दिया है । इनमें से मंत्रालय ने 38 मेगा फूड पार्कों को अंतिम अनुमोदन और 4 मेगा फूड पार्कों को सैद्धांतिक अनुमोदन दे दिया है । इन 42 मेगा फूड पार्कों में से 5 मेगा फूड पार्क परियोजनाएं उत्तर प्रदेश राज्य और दिल्ली/एनसीआर से संबंधित हैं जिनमें से एक पार्क के मामले में "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई की जा रही है और 4 अन्य मेगा फूड पार्कों का कार्यान्वयन किया जा रहा है, 6 मेगा फूड पार्क परियोजनाएं पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंधित हैं जिनमें से एक पार्क के मामले में "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई की जा रही है और 2 प्रचालनरत हो गए हैं तथा 3 अन्य मेगा फूड पार्कों का कार्यान्वयन किया जा रहा है । मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर क्षेत्र और दिल्ली/एनसीआर सहित मेगा फूड पार्क परियोजनाओं के कार्यान्वयन की राज्य-वार स्थिति **संलग्नक-I** में दी गई है ।

*****

**संलग्नक-I**

**मेगा फूड पार्क योजनाओं का पुनर्सुधार के बारे में दिनांक 02 जुलाई, 2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

**मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा दिल्ली/एनसीआर समेत मेगा फूड पार्क परियोजनाओं की राज्य-वार स्थिति ।**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत (करोड़ रुपए) | सैद्धांतिक अनुमोदन की तारीख | अंतिम अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित अनुदान की राशि (करोड़ रुपए) | जारी किए गए अनुदान की राशि (करोड़ रुपए ) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश** | | | | | | | |
| 1. | स्रीनी मेगा फूड पार्क प्रा.लि. चित्तूर, **आंध्र प्रदेश** | 121.10 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 49.92 | **पूरी हो चुकी** |
| 2. | गोदावरी मेगा एक्वा पार्क प्रा . .लि पश्चिम गोदावरी, **आंध्र प्रदेश** | 122.60 | 21.09.2012 | 16.12.2013 | 50 | 44.53 | चालू हो गई |
| 3. | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम (एपीआईआईसी) कृष्णा, **आंध्र प्रदेश** | 125.25 | 31.03.2015 | 31.12.2015 | 50 | 28.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| **अरुणाचल प्रदेश** | | | | | | | |
| 4. | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, पापुम पारे, **अरुणाचल प्रदेश** | 71.83 | 21.12.2017 | --- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है | | |
| **असम** | | | | | | | |
| 5. | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड, नलबाड़ी, **असम** | 80.85 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 45 | **प्रचालनरत** |
| **बिहार** | | | | | | | |
| 6. | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्रा.लि., खगड़िया , **बिहार** | 127.91 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 43.77 | 24.51 | कार्यान्वयनाधीन |
| **छत्तीसगढ़** | | | | | | | |
| 7. | इण्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्रा.लि., रायपुर, **छत्तीसगढ़** | 124.50 | 06.09.2012 | 04.06.2014 | 50 | 28.61 | कार्यान्वयनाधीन |
| **गुजरात** | | | | | | | |
| 8. | गुजरात एग्रो इन्फ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्रा.लि., सूरत, **गुजरात** | 117.87 | 21.09.2012 | 22.05.2014 | 50 | 42.45 | **प्रचालनरत** |
| 9. | फणीधर मेगा फूड पार्क प्रा.लि., मेहसाणा , **गुजरात** | 165.79 | 03.01.2017 | 16.08.2017 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **हरियाणा** | | | | | | | |
| 10. | हरियाणा स्टेट इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट कारपोरेशन लि., (एचएसआईआईडी सी) सोनीपत, **हरियाणा** | 177.59 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 27.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11. | हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फडरेशन लि .(एचएएफईडी) रोहतक, **हरियाणा** | 179.75 | 03.01.2017 | 21.02.2018 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **हिमाचल प्रदेश** | | | | | | | |
| 12. | क्रीमिका फूड पार्क प्रा .लि., ऊना, **हिमाचल प्रदेश** | 107.34 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 50 | 42.72 | कार्यान्वयनाधीन |
| **जम्मू और कश्मीर** | | | | | | | |
| 13. | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्रा.लि., पुलवामा, **जम्मू और कश्मीर** | 79.43 | 21.09.2012 | 19.02.2014 | 50 | 18.61 | कार्यान्वयनाधीन |
| **झारखंड** | | | | | | | |
| 14. | झारखंड मेगा फूड पार्क प्रा.लि., रांची, **झारखंड** | 114.74 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 43.78 | कार्यान्वयनाधीन |
| **कर्नाटक** | | | | | | | |
| 15. | इंटीग्रेटेड फूड पार्क प्रा.लि, तुमकुर, **कर्नाटक** | 144.33 | 03.08.2010 | 27.03.2011 | 50 | 48.22 | **पूरी हो चुकी** |
| 16. | फवरिच इंफ्रा प्रा.लि., माण्डया **कर्नाटक** | 113.83 | 03.01.2017 | 19.12.2017 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **केरल** | | | | | | | |
| 17. | केरल राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम लि. (केएसआईडीसी) अल्लापुड़ा, **केरल** | 129.15 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 28.80 | कार्यान्वयनाधीन |
| 18. | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा), पल्लकड़ , **केरल** | 119.02 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 37.72 | कार्यान्वयनाधीन |
| **मध्य प्रदेश** | | | | | | | |
| 19. | इंडस मेगा फूड पार्क प्रा.लि. खरगौन, **मध्य प्रदेश** | 131.28 | 10.10.2011 | 27.08.2012 | 50 | 49.12 | **पूरी हो चुकी** |
| 20. | अवंती मेगा फूड पार्क प्रा.लि. देवास, **मध्य प्रदेश** | 149.48 | 31.03.2015 | 31.12.2015 | 50 | 38.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | | |
| 21. | पैथान मेगा फूड पार्क प्रा.लिमिटेड, औरंगाबाद, **महाराष्ट्र** | 124.52 | 01.04.2011 | 08.03.2013 | 48.82 | 41.99 | **प्रचालनरत** |
| 22. | सतारा मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, सतारा, **महाराष्ट्र** | 139.33 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 50 | 44.49 | **प्रचालनरत** |
| 23. | वर्धा मेगा फूड पार्क **प्रा.लि ,** **महाराष्ट्र** | 92.36 | 31.03.2015 | 13.01.2016 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **मिजोरम** | | | | | | | |
| 24. | जोरम मेगा फूड पार्क प्रा.लि. आईजोल**, मिजोरम** | 75.20 | 19.12.2013 | 10.06.2015 | 50 | 44.24 | कार्यान्वयनाधीन |
| **नागालैंड** | | | | | | | |
| 25. | डोयस एग्री रिसोर्सिस प्रा.लि., दीमापुर, **नागालैंड** | 71.80 | 03.01.2017 | 16.08.2017 | 50 | 29.78 | कार्यान्वयनाधीन |
| **ओडिशा** | | | | | | | |
| 26. | ओडिशा इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलमेंट कारपोरेशन (आईडीसीओ),खुर्दा, **ओडिशा** | 125.42 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 29.30 | कार्यान्वयनाधीन |
| 27. | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लि., रायगढ़, **ओडिशा** | 80.17 | 29.04.2011 | 16.04.2012 | 50 | 44.95 | **प्रचालनरत** |
| **पंजाब** | | | | | | | |
| 28. | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लि.,फजिल्का , **पंजाब** | 130.38 | 03.08.2010 | 25.05.2011 | 50 | 45 | **प्रचालनरत** |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29. | पंजाब एग्रो इण्डस्ट्रीज कारपेरेशन लि. (पीएआईसी) लुधियाना , **पंजाब** | 117.61 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 29.23 | कार्यान्वयनाधीन |
| 30. | सुखजीत मेगा फूड पार्क इंफ्रास्ट्रैक्चर लि., कपूरथला, **पंजाब** | 123.72 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 29.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **राजस्थान** | | | | | | | |
| 31. | ग्रीन टेक फूड पार्क प्रा.लि., अजमेर, **राजस्थान** | 119.82 | 21.09.2012 | 19.02.2014 | 49.88 | 43.18 | **प्रचालनरत** |
| **तेलंगाना** | | | | | | | |
| 32. | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्रा.लि.**,** निजामाबाद, तेलंगाना | 108.95 | 19.12.2013 | 10.06.2015 | 50 | 44.56 | कार्यान्वयनाधीन |
| 33. | तेलंगाना राज्य इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लि., खम्मम, तेलंगाना | 109.44 | 31.03.2015 | 05.02.2016 | 50 | 21.75 | कार्यान्वयनाधीन |
| **त्रिपुरा** | | | | | | | |
| 34. | सिकारिया मेगा फूड पार्क प्रा.लि., त्रिपुरा, त्रिपुरा | 87.45 | 29.04.2011 | 30.11.2011 | 50 | 43.50 | **प्रचालनरत** |
| **उत्तराखंड** | | | | | | | |
| 35. | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्रा.लि., हरिद्वार, **उत्तराखंड** | 95.08 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 50 | **पूरी हो चुकी** |
| 36. | हिमालयन फूड पार्क प्रा.लि.**,**उधम सिंह नगर, **उत्तराखंड** | 98.08 | 21.09.2012 | 23.01.2014 | 48.12 | 41.80 | **प्रचालनरत** |
| **उत्तर प्रदेश** | | | | | | | |
| 37. | विंध्याचल अत्तिवो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, मिर्जापुर, **उत्तर प्रदेश** | 163.15 | 21.12.2017 | -- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है | | |
| 38. | नंदवन मेगा फूड पार्क प्रा., मथुरा, **उत्तर प्रदेश** | 120.77 | 21.12.2017 | 28.01.2019 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| 39. | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क नोएडा प्रा.लि., गौतम बुद्ध नगर, **उत्तर प्रदेश** | 218.30 | 15.01.2018 | 20.09.2018 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **पश्चिम बंगाल** | | | | | | | |
| 40. | जंगीपुर मेगा फूड पार्क लिमिटेड, मुर्शिदाबाद, **पश्चिम बंगाल** | 132.70 | 16.12.2008 | 16.03.2010 | 50 | 45 | **प्रचालनरत** |
| 41 | जलपाईगुड़ी मेगा फूड पार्क प्रा. लि, जलपाईगुड़, **पश्चिम बंगाल** | 108.07 | 08.03.2019 | -- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है | | |
| **मणिपुर** | | | | | | | |
| 42 | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लि, काकिंग, **मणिपुर** | 80.02 | 08.03.2019 | -- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है | | |